# बोर का भाटड़ा लघु सिंचाई परियोजना संक्षिप्त विवरण

माननीय मुख्यमंत्री महोदया के डूँगरपुर जिले के भ्रमण अवधि दिनांक 25.04.2006 से 28.04.2006 के दौरान डूँगरपुर जिले में ग्राम पंचायत उटिया पंचायत समिति झौंथरी में बोर का भाटड़ा लघु सिंचाई परियोजना का कार्य की राशि रूपये 2.77 करोड़ की घोषणा की गयी थी। जिसकी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृती दिनांक 18.7.2006 से राशि रूपये 275.93 लाख की जारी की गयी थीं परियोजना के बांध का कार्य मार्च, 2007 में एवं नहर का कार्य नवम्बर 2006 में प्रारंभ करा दिया गया था। बांध की कुल भराव 23.73 एमसीएफटी एवं सीसीए 134 हैक्टर है। नहर का कार्य लगभग पूर्ण है। डूब से प्रभावित कास्तकारों द्वारा भूमि के बदले भूमि की मांग करने के कारण एवं उनके विरोध के चलते बांध स्थल पर कार्य में बाधा उत्पन्न होने से मुख्य बांध का कार्य दिनांक 05.12.2008 से बन्द है। बांध निर्माण हेतु नाला पोर्शन के अलावा 106.50 मीटर तक मिट्टी का कार्य, स्लूस का निर्माण कार्य, बाय वाश कटींग कार्य एवं वींग वॉल का निर्माण कार्य किया गया है अब तक परियोजना पर कुल व्यय राशि रू. 206.94 लाख का हो चुका है।

आपका जिला आपकी सरकार के तहत माननीय मुख्यमंत्री महोदया के दिनांक 7–10 अगस्त 2016 को डूँगरपुर जिले के भ्रमण के दौरान " बोर का भाटडा" लघु सिंचाई परियोजना के कार्य को पुनः प्रारंभ करने के निर्देश प्रदान किये थे। तब से जिला प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग द्वारा प्रभावितों के साथ कई बार मीटींग आयोजित कर समझाने का प्रयास किया परन्तु उनका कहना था कि पूर्व में भी हम विस्थापित हुए है एवं पुनः विस्थापित किया जा रहा है। अतः कास्तकारों के समझौता वार्तानुसार वर्ष 2006 के मुआवजा भुगतान के अलावा प्रति परिवार (खातेदार) एक–एक बीघा जमीन कुल 6.5 हैक्टर जमीन वनक्षेत्र रानीझुला में आवंटित करते हुए शेष निर्माण कार्य को प्रारंभ कराया जाता है तो हमें कोई आपत्ति नहीं है किसानों द्वारा लिखित सहमति दी गयी। इस संबंध में दिनांक 30.06.2017 को आयोजित विडियों कॉन्फ्रेन्सिंग में माननीया मुख्यमंत्री महोदया के निर्देशानुसार प्रभावित कास्तकारों को वनक्षेत्र रानीझुला में 6.5 हैक्टर भूमि आवंटन के प्रस्ताव तैयार कर प्रभावितों की समस्या का समाधान कर निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ कराया जाना है।

अधिशाषी अभियन्ता
जल संसाधन खण्ड–प्रथम डूँगरपुर